अपनी खिड़की बंद कर लीजिए, लेकिन फेसबुक पर ऐसा कोई सौ बार टेग कर लेना उधार पट

# सामाजिक विज्ञान महोत्सव में प्रतिभाओं ने दिखाया रचनात्मक कौशल

**सरल एक्सप्रेस संवाददाता**

**बडकोट।** शनिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बड़कोट, उत्तरकाशी में सामाजिक विज्ञान महोत्सव 2025–26 का रंगारंग शुभारंभ किया गया जिसकी थीम



सतत पोषणीय विकास, सुदृढ़ और समृद्ध भविष्य का आधार जागरूक बालमन एवं उत्तरदाई समाज पर आधारित थीद्य इसमें प्रत्येक विकासखंड से तीन–तीन छात्र–छात्राओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता, मॉडल निर्माण प्रतियोगिता एवं सामाजिक विज्ञान सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता में जनपद के 18 छात्रों व उनके मार्गदर्शन शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र–छात्राओं में सामाजिक विज्ञान विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना व समाज को स्थिरता और दिशा देने वाले सामाजिक विज्ञान विषय के महत्व पर प्रकाश डाला गयाद्य कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य संजीव जोशी व राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखंड देहरादून से आये मुख्य अतिथि राज्य समन्वयक डॉ. राकेश गैरोला के दीप प्रज्वलन के साथ किया गयाद्य प्राचार्य द्वारा अपने संबोधन में प्रतिभागियों को प्रेरित किया गयाद्य सामाजिक विज्ञान महोत्सव 2025 में जनपद से एक नवाचारी शिक्षक संतोष प्रसाद, सहायक अध्यापक रा. इ.का सांकरी, विकासखंड मोरी को नवीन शिक्षण पद्धतियों का प्रयोग व अपनी विद्यालय में विद्यार्थियों में रचनात्मक, आलोचनात्मक सोच एवं सक्रिय अधिगम को प्रोत्साहित करने हेतु नवाचारी शिक्षक के रूप में पुरस्कृत किया गया है। जनपद स्तर से चयनित छात्र–छात्राओं द्वारा राज्य स्तर प्रतियोगिता हेतु जनपद पिथौरागढ़ में प्रतिभाग किया जाएगा जिसमें छात्रों में सामाजिक विज्ञान के विषय को लेकर रोचक संवेदनशील और प्रगति दायक भावना का विकास होगा एवं परीक्षाओं के लिए छात्र–छात्राएं तैयार होंगे। कार्यक्रम के आरंभ में कार्यक्रम समन्वयक संगीता रावत कोठारी द्वारा प्रतियोगिताओं की रूपरेखा और जानकारी साझा की गई। इस प्रतियोगिता में लोक कल्याण हेतु सामाजिक विज्ञान का व्यावहारिक अनुप्रयोग छात्रों द्वारा किया गयाद्य भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से सतत पोषणीय विकास के मुद्दे पर छात्रों द्वारा कर गर्वित भाषण प्रस्तुत किया गयाद्य,सामाजिक विज्ञान सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से समसामयिक घटनाएं उत्तराखंड की सामाजिक भौगोलिक एवं ऐतिहासिक घटनाएं और स्थानीय प्रवेश को क्विज के माध्यम से छात्रों के मध्य रखा गया द्यजनपद स्तर पर मॉडल निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुमारी मीना रा. उ. प्रा. विद्यालय गांधी विद्या मंदिर उत्तरकाशी भटवाड़ी, द्वितीय स्थान पर आयुष रा. उ.प्रा. वि.गेवला डुंडा एवं तृतीय स्थान पर कुमारी जाह्नवी रहीद्य इस प्रकार अन्य प्रतियोगिता जैसे भाषण प्रतियोगिता में कुमारी प्रिया रा. उ. प्रा. वि. चंदेली पुरोला, कुमारी वैष्णवी भटवाड़ी एवं कुमारी सोनाक्षी रा उ प्रा वि भाटिया नौगांव क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः अभय रा उ प्रा वि रैथल भटवाड़ी, अंशिका रा. बा. इ. का. बड़कोट नौगांव तथा समित रावत पीएम श्री इंटर कॉलेज बनचौरा चिन्यालीसौड़ रहेद्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्रों में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को प्राचार्य और मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक भूमिका में हेमू बिष्ट, सुशील चंद्र जोशी, गोपाल सिंह राणा, शोभना थापा,बबीता सजवान, रिचा उनियाल, अंजना सजवान, बृजेश कुमार मिश्रा और सुषमा महर रहे।




जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
2025–26


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)
A
B
C
D
E
F



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
(उत्तरकाशी)
उत्तराखण्ड शासन
जनपद स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव
2025–26


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट (उत्तरकाशी)